न्यायालय उपखण्ड अधिकारी उनियारा जिला टोंक
प्रार्थना पत्र संख्या 15 वर्ष 2016
गीताराम पुत्र बजरंगा जाति मीना निवासी ग्राम पायगा तहसील उनियारा
बनाम
तहसीलदार उनियारा जिला टोंक
आदेश प्रार्थना 136 भू राजस्व अधिनियम

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म के तामील में जारी हुए
10.2.2016	पत्रावली पेश हुयी । प्रार्थी के वकील उपस्थित। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। पेरोकार सरकार नायब तहसीलदार उनियारा उपस्थित। पेरोकार सरकार द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया। उभय पक्ष की बहस सुनी गई। बहस पर गौर किया गया। पत्रावली एवं उस पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। नकल जमाबन्दी सम्वत 2071–2074 वाके ग्राम पायगा तहसील उनियारा खाता संख्या 22 मे सीताराम दर्ज है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत छाया प्रति राशनकार्ड व आधार कार्ड मे प्रार्थी का नाम गीताराम पुत्र बजरंगलाल मीना नि0 पायगा दर्ज है। सरपंच ग्राम पंचायत पायगा द्वारा जारी प्रमाण पत्र के अनुसार भी सीतारा व गीताराम दोनों नाम एक ही है। पेरोकार सरकार ने भी अपने जवाब मे प्रार्थी का नाम राजस्व रेकार्ड मे सीताराम के स्थान पर गीताराम दर्ज किये जाने मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत नही की है। उपरोक्त विवेचन के आधार पर न्यायालय प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करना उचित समझता है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार उनियारा को आदेशित किया जाता है कि वे खाता 22 वाके ग्राम पायगा मे अंकित सीताराम के स्थान पर गीताराम दर्ज कर राजस्व रेकार्ड को दुरूस्त करे। पालना हेतु तहसीलदार उनियारा को लिखा जावे। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो तथा दाखिल दफ्तर हो। उप खण्ड अधिकारी उनियारा जिला टोंक	

Scanned by CamScanner